**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024**......13935.......

प्रेषक,

**जे0 प्रियदर्शिनी, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
सिवान/सारण/मुंगेर/जमुई।

पटना, दिनांक :– 01/10/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत प्रपत्र–5 के संधारण हेतु आवश्यक विगत सर्वेक्षण खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए सिवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई, बन्दोबस्त कार्यालय अंतर्गत कैथी भाषा से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक–13724 दिनांक–11.09.2024, पत्रांक–13802 दिनांक–19.09.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में विभिन्न जिलों के अनुरोध एवं कैडेस्ट्रल सर्वे के खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण में 03 दिवसीय कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस संबंध में सिवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई के बन्दोबस्त कार्यालय अंतर्गत कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | बन्दोबस्त कार्यालय का नाम | प्रशिक्षण की तिथि |
|---|---|---|
| 01. | सिवान | 03.10.2024 से 05.10.2024 तक |
| 02. | सारण | 07.10.2024 से 09.10.2024 तक |
| 03 | मुंगेर | 15.10.2024 से 17.10.2024 तक |
| 04. | जमुई | 19.10.2024 से 21.10.2024 तक |

**<u>कैथी लिपि से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणी</u>**

| कार्य दिवस | **10:30 पूर्वा0 से 12:00 अप0** | **12:00 अप0 से 01:30 अप0** | **01:30 अप0 से 2:30 अप0** | **2:30 अप0 से 4:00 अप0** | **4:00 अप0 से 5:30 अप0** |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम दिन | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | भोजनावकाश | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) |
| द्वितीय दिन | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) |
| तृतीय दिन | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) |

उक्त प्रशिक्षण पूर्व से चयनित प्रशिक्षक, श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो0 वकार अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 द्वारा दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बन्दोबस्त कार्यालय, सिवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई, में पदस्थापित सभी विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं कानूनगो कार्यक्रम के अनुसार भाग लेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण कक्ष समेत अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिला स्तर पर आवासन एवं खान—पान की व्यवस्था भी बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा की जाएगी।

प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत संबंधित प्रशिक्षकों के मानदेय भुगतान हेतु उनका प्रशिक्षण दिये जाने की तिथि तथा प्रशिक्षण के घंटों को प्रमाणित करने के साथ प्रशिक्षक का बैंक विवरणी यथा—नाम, बैंक का नाम, शाखा का नाम, खाता संख्या, आई0एफ0एस0 कोड, उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को अभिप्रमाणित करते हुए निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि निदेशालय द्वारा ससमय भुगतान किया जा सके।

विश्वासभाजन

ह0
1/10

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**

निदेशक,

भू—अभिलेख एवं परिमाप

बिहार, पटना।

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे—13/2024** 13935 **पटना, दिनांक :** 01/10/2024

**प्रतिलिपि :** श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो0 वकार अहमद, छपरा, मो0 नं0—7856853190 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0
1/10

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे—13/2024** 13935 **पटना, दिनांक :** 01/10/2024

**प्रतिलिपि :** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी (सिवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई को छोड़कर)/सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0
1/10

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे—13/2024** 13935 **पटना, दिनांक:** 01/10/2024

**प्रतिलिपि :** सहायक निदेशक/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, बजट शाखा/निदेशालय में पदस्थापित सभी प्रमंडलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0
1/10

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे—13/2024** 13935 **पटना, दिनांक:** 01/10/2024

**प्रतिलिपि :** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0
1/10

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे—13/2024** 13935 **पटना, दिनांक:** 01/10/2024

**प्रतिलिपि :** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0
1/10

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप